# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 163/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 04.05.2025

**आजमगढ़ पुलिस द्वारा खोए हुए कुल 106 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 20 लाख रूपये ) किया गया बरामद; वर्ष 2024 से अब तक कुल 1661 (वर्ष 2025 में कुल 436) एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ रूपये) बरामद कर स्वामियों को किये जा चुके है सुपुर्द।**

अवगत कराना है कि **हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़** के निर्देशन में जनपद आजमगढ़ में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हे बरामद करने हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी जनपद आजमगढ़ को निर्देशित किया गया था।

➡ जनपद में **माह फरवरी 2024** से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है।

➡ आजमगढ़ पुलिस द्वारा माह फरवरी 2024 से माह मार्च 2025 तक कुल 1555 एण्ड्रायड मोबाइल फोन **(कीमत लगभग 02 करोड़ 80 लाख रूपयें)** बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके है। जिसके क्रम में-

➡ **माह अप्रैल 2025** में आजमगढ़ पुलिस द्वारा जनपद में खोए हुए **कुल 106 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 20 लाख रूपये)** को सी0ई0आई0आर0 पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया हैं।

➡ आज दिनांक- 04.05.2025 को **अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन** द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया हैं।

➡इस तरह **विगत 15 माह में कुल 1661 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ रूपये)** को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।


आजमगढ़ पुलिस

